दिन– शुक्रवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 28/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 05 मिनट

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां के अभिभाषण के साथ ही बिहार विधानमंडल का बजट सत्र आज से शुरू हुआ। अट्ठाईस मार्च तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल बीस बैठकें आयोजित की जायेंगी। राज्यपाल ने सदन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी वर्गों और क्षेत्रों में महिलाओं का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया है। राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में पंचायती राज संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले किए गए संकल्प के अनुसार विधानसभा चुनाव से पहले चौंतीस लाख नौकरियां दी जाएंगी। श्री खां ने राज्य के लिए केंद्रीय बजट में किये गए विशेष प्रावधान और वित्तीय सहायता के लिए केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया।

इससे पहले, उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण सदन में पेश किया। सर्वेक्षण के अनुसार राज्य की अर्थव्यवस्था वर्ष दो हजार ग्यारह–बारह में दो लाख सैंतालीस हजार करोड़ रूपये से बढ़कर वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में आठ लाख चौवन हजार करोड़ रूपये हो गयी है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि वर्ष दो हजार बाईस–तेईस और वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस के बीच चावल का उत्पादन इक्कीस प्रतिशत और गेहूं का उत्पादन दस दशमलव सात प्रतिशत बढ़ा है। वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में बीपीएससी की ओर से चार लाख से अधिक रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञापन प्रकाशित किये गये।

———————————————————————————

विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि सरकार की कोई ठोस उपलब्धि नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार से पलायन और बरोजगारी में लगातार वृद्धि हो रही है। श्री यादव ने बजट सत्र के दौरान सदन को सुचारू रूप से चलाने की मांग की।

———————————————————————————

उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री सम्राट चौधरी तीन मार्च को वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का बजट सदन में पेश करेंगे। इस बार बजट का आकार तीन लाख करोड़ रूपये से अधिक होने का अनुमान है। सूत्रों के अनुसार बजट में वेतन–पेंशन, शिक्षा, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण, स्वास्थ्य और समाज कल्याण विभाग की योजनाओं में बजट का अधिक आवंटन हो सकता है।

———————————————————————————

देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद की बासठवीं पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। इस मौके पर पटना के बांसघाट स्थित उनकी समाधि स्थल पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य गणमान्य लोगों ने उनकी समाधि स्थल पर श्रद्धा–सुमन अर्पित की।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में देर रात दो बजकर छत्तीस मिनट पर भूकम्प के तेज झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता पांच दशमलव पांच मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र नेपाल में था। भूकम्प के झटके महसूस होते ही लोग अपने–अपने घरों से बाहर निकल गये। कहीं से जान–माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

———————————————————————————

आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस है। प्रति वर्ष अट्ठाईस फरवरी को महान भौतिक वैज्ञानिक, सर सी. वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में यह दिन मनाया जाता है। उन्हें इस महत्वपूर्ण खोज के लिए वर्ष उन्नीस सौ तीस में नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। राजधानी पटना के श्रीकृष्ण विज्ञान केन्द्र और तारामंडल समेत प्रदेशभर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————————

होली के त्योहार के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए मध्य रेलवे ने प्रमुख मार्गों पर अड़तालीस अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियां चलाने की घोषणा की है। ये रेलगाड़ियां मुंबई, पुणे जैसे प्रमुख शहरों से दानापुर, समस्तीपुर समेत अन्य गंतव्य स्थानों के बीच चलेंगी।

—————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।